卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 223 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦20 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया



# राइस पुलर के नाम पर रुद्रपुर के व्यापारी से लाखों ठगे

## देशभर में फैला सिंडिकेट,अंतरिक्ष धातु और वैज्ञानिक जांच के नाम पर व्यापारियों और आम लोगों को अपने जाल में फंसा रहा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कथित "राइस पुलर" (आरपी) नामक रहस्यमयी धातु के नाम पर देशभर में सक्रिय ठगों का संगठित सिंडिकेट लोगों को करोड़ों रुपये का लालच देकर उनकी गाढ़ी कमाई हड़प रहा है। अंतरिक्ष से गिरी दुर्लभ धातु, वैज्ञानिक जांच और विदेशी खरीदारों के नाम पर यह गिरोह व्यापारियों और आम लोगों को अपने जाल में फंसा रहा है। ताजा मामला रुद्रपुर का है, जहां शहर के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कारोबारी बलवंत राय अरोड़ा से 22.50 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। डांबर कॉलोनी निवासी बलवंत राय अरोड़ा के अनुसार दिसंबर 2024 में सिक्किम के एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क कर दावा किया कि उसके पास राइस पुलर धातु है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत



करोड़ों रुपये है। बाद में उसे दिल्ली और लखनऊ के कुछ लोगों से मिलवाया गया, जिन्होंने स्वयं को एक निजी कंपनी से जुड़ा बताया। फरवरी 2025 में लखनऊ के एक सुनसान क्षेत्र में कांच के बॉक्स में रखी कथित धातु दिखाई गई। आरोपियों ने कहा कि रूस के वैज्ञानिक इसकी जांच करेंगे, जिस पर 22.50 लाख रुपये खर्च होंगे। भरोसा दिलाने के बाद पीड़ित ने एक महिला के खाते में 12.50 लाख रुपये ट्रांसफर किए और 10 लाख रुपये नकद दिल्ली स्थित कार्यालय में सौंप दिए। रकम लेने के बाद आरोपी लगातार बहाने बनाते रहे। जब पीड़ित ने धनराशि वापस मांगी तो 20 अप्रैल 2026 को दिल्ली पहुंचने पर आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राइस पुलर के नाम पर ठगी का यह खेल लंबे समय से देश के कई राज्यों में चल रहा है। ठग पहले किसी धातु को करोड़ों में बिकने वाली दुर्लभ वस्तु बताते हैं, फिर वैज्ञानिक परीक्षण, सरकारी मंजूरी और विदेशी खरीदारों का हवाला देकर लाखों रुपये ऐंठ लेते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### क्या होती है राइस पुलर ( आरपी ), जानिए इसके बारे में

राइस पुलर (आरपी) एक कथित रहस्यमयी धातु या उपकरण को कहा जाता है, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि उसमें ऐसे विशेष चुंबकीय या रेडियोधर्मी गुण होते हैं जो चावल के दानों को अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। इसी कारण इसे "राइस पुलर" नाम दिया गया। ठग लोगों को बताते हैं कि यह धातु अंतरिक्ष से गिरे किसी उपग्रह या प्राचीन उपकरण का हिस्सा है और इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये है। दावा किया जाता है कि विदेशी वैज्ञानिक और बड़ी कंपनियां इसकी जांच कर भारी रकम देकर इसे खरीदने को तैयार हैं। वैज्ञानिक परीक्षण, सुरक्षा शुल्क, सरकारी मंजूरी और कमीशन के नाम पर लोगों से लाखों रुपये जमा कराए जाते हैं। हालांकि वैज्ञानिक दृष्टि से अब तक ऐसी किसी धातु के अस्तित्व की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकांश मामलों में यह केवल भ्रम और धोखाधड़ी का जरिया साबित हुआ है। कई बार स्थैतिक विद्युत, चुंबक या चिपचिपे पदार्थ की मदद से चावल के दाने चिपकाकर लोगों को विश्वास दिलाया जाता है कि धातु में कोई चमत्कारी शक्ति है। पुलिस और वैज्ञानिक संस्थानों ने समय-समय पर स्पष्ट किया है कि राइस पुलर के नाम पर किए जाने वाले अधिकांश दावे निराधार हैं और यह लोगों को करोड़ों रुपये का लालच देकर ठगने का सुनियोजित तरीका है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ऐसी धातु दिखाकर निवेश या जांच के नाम पर धनराशि मांगे तो तुरंत सतर्क हो जाएं और इसकी सूचना पुलिस को दें।

# सीएम धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री खण्डूरी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बसंत विहार स्थित पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। छत्तीसगढ़ प्रवास से देहरादून पहुंचने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री सीधे स्वर्गीय भुवन चंद्र खण्डूरी के निवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खण्डूरी का जीवन अनुशासन, राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और जनकल्याण के मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देने के पश्चात उन्होंने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में भी उच्च आदर्श स्थापित किए। उत्तराखंड राज्य के विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन को मजबूत आधार प्रदान करने में स्वर्गीय भुवन चंद्र



खण्डूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्यहित में अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी प्रदेशवासियों को प्राप्त हो रहा है। उत्तराखंड ने एक अनुशासित सैनिक, कुशल प्रशासक और जनप्रिय नेता खो दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय भुवन चंद्र खण्डूरी की पुत्री विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी सहित अन्य परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षति केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड और देश की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिवंगत मुन्ना लाल के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में होगा उजाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास निवासी मुन्ना लाल के देहावसान के पश्चात भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा की प्रेरणा से एवं विवेकानंद शाखा के कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल तथा रुद्रपुर शाखा के नेत्रदान संयोजक संजय कुमार (बालाजी वाले) के अनुरोध पर उनके परिजनों ने नेत्रदान हेतु सहमति देकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुन्ना लाल की मृत्यु के बाद भी अब उनकी आंखें दुनिया देखती रहेंगी। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश आएगा तथा उनके प्रियजन उनकी स्मृति को अमरत्व प्रदान करेंगे। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के नेत्रदान संयोजक संजय, विवेकानंद शाखा के कोषाध्यक्ष



अभि अग्रवाल, नेत्र चिकित्सक डॉ. मनीष रावत एवं डॉ. आर.ए.एन. के सहयोग से नेत्रदान संपन्न हुआ। नेत्रदान के समय राजेश अग्रवाल, वंश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, तुषार मित्तल, अमित अरोड़ा, हरनाम चौधरी, विष्णु सक्सेना, अभि अग्रवाल, राजेश अरोड़ा, राजेश मित्तल, शारदा मित्तल, लवली लाम्बा और प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद ने परिजनों के इस पुनीत कार्य की सराहना की है।

# गर्भवती से की मारपीट

काशीपुर। एक व्यक्ति ने दो लोगों व उनके साथियों पर उसकी गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। भीमनगर खरमासा निवासी नितिन जोशी पुत्र कृष्णानन्द जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मई को वह अपनी गर्भवती पत्नी को राजकीय चिकित्सालय एलडी भट्ट ले जा रहा था। अचानक राजेन्दर व अर्जुन ने अपने अन्य साथियों के साथ उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी व मारपीट की, जिससे उसकी पत्नी की हालत खराब हो गई, जिस कारण उसने अपनी पत्नी का ईलाज एलडी भट्ट चिकित्सालय में कराया। बताया कि उक्त लोगों द्वारा उसे डराया धमकाया व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजेन्दर, अर्जुन व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शराब भट्ठियों को किया तहस नहस

काशीपुर। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में आईटीआई थाना पुलिस ने ग्राम छोटी बरखेड़ी में बहल्ला नदी के किनारे कच्ची शराब के खिलाफ छापामार कार्यवाही करते हुए तीन भट्ठियों को तहस-नहस कर लगभग 12000 लीटर लहन नष्ट कर दिया। पुलिस की कार्यवाही से कच्ची शराब की कारोबारी में हड़कंप देखा गया।


'जय माता दी' 'जय बाबा की'

**श्री बालाजी दरबार**

**स्थान:- बिगवाड़ा वाली माताजी के मंदिर पर आवास विकास रूद्रपुर**

दिनांक: 21 मई 2026 दिन बृहस्पतिवार समय: रात्रि 7:00 बजे से

निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर

एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454


# जहाँ संकल्प है वहां कुछ भी असंभव नहीं: चैतन्यपुरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ पीली कोठी में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प की शक्ति अपरिमित है। संकल्प कालजयी है संकल्प की गति अबाध हैं जहां संकल्प है, वहां कुछ भी असंभव नहीं है पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की अभेद शक्ति भी मनुष्य के संकल्प को रोक नहीं सकी ओर व्यक्ति चन्द्रमा तक पहुंच गया। सागर की अथाह गहराई हो या एवरेस्ट का उच्चतम शिखर संकल्प के आगे छोटा पड़ गया। संकल्प मनुष्य की आन्तरिक शक्तियों का सामूहिक निश्चय है एक बार अगर ये शक्ति जग जाए तो



सृष्टि की पूरी ताकत भी इसे परास्त नही कर सकती ।उन्होंने कहा कि धार्मिक कथाएं, पौराणिक गाथाऐं, ऐतिहासिक घटनाएं सभी एक स्वर में संकल्प शक्ति रूपी इस महाशक्ति की क्षमता को प्रभावित करते हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ संकल्प मंत्र से ही होता है। अर्थात मनोवांछित इच्छा प्राप्त करने के लिए शुभ कार्य का आरंभ एक शुभ संकल्प से ही होता है। संकल्प शक्ति का यदि संधि विच्छेद किया जाए तो स्वयं +कल्प होता है कल्प यानि कितने युग बितने के बाद कल्प आता है यह बता रहा है कि मनुष्य किसी कार्य को असंभव इसलिए कहता है क्योंकि उसे लगता है कि यह कार्य उसके जीवन में पूरा नहीं हो सकेगा। गहराई से विचार करे तो समय की सीमा उसकी सामर्थ्य और शक्ति को तोड़ देती है लेकिन परिभाषा के अनुसार देखें व चेतना में भरे तो यह हमारी सोई हुई शक्तियों को जगाकर किसी कार्य को भी असंभव न मानते हुये पूरा करने की प्रेरणा देगा। आवश्यक नहीं है कि कर्म करने वाले को फल उसे उस जीवन में ही मिल जाए। हो सकता है कि उस संकल्प को पूर्ण होने में अर्थात लक्ष्य प्राप्ति में कई पीढ़ियां भी गुजर सकती हैं। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्री महाराज जी का पावन अग्रिम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया तथा भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

# स्वामी हरिचेतन्यपुरी ने स्व. इन्द्रसेन धींगरा को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वामी हरिचैतन्यपुरी महाराज ने मंगलवार को सांध्य दैनिक समाचार पत्र उत्तरांचल दर्पण के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद धींगरा के विष्णुपुरी रामपुर रोड स्थित आवास पर पहुंचकर उनके पिताजी इन्द्रसेन धींगरा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने स्व. धींगरा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि माता पिता की हमेशा सेवा करना पुण्य का काम है और उनके निधन



के बाद हमेशा उनके बताए आदर्शों व उनके दिए संस्कारों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा संसार में ऐसे अच्छे कार्य करना चाहिए जिससे लोग तुम्हारे साथ ही तुम्हारे माता पिता को भी याद करें। इस दौरान श्री महाराज ने स्व. इन्द्रसेन धींगरा के साथ बिताए क्षणों का स्मरण कर उन्हें अविस्मरणीय बताया। इस मौके पर स्व. इन्द्रसेन धींगरा के समस्त परिजन व अन्य श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# मेडिकल स्टोर बंद आव्हान का मिलाजुला असर

## ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर रखा गया बंद, सरकार से सख्त नियम बनाने की मांग









रूद्रपुर/हल्द्वानी/किच्छा/शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिले में मिला जुला असर दिखा। जिला मुख्यालय में जहां नगर के कई मेडिकल स्टोर व विभिन्न निजी चिकित्सालयों में मेडिकल स्टोर खुले दिखाई दिये तो वहीं दूसरी ओर बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए तमाम मेडिकल स्टोर स्वामियों ने अपने प्रतिष्ठानों को पूरी तरह से बंद रखा। गौरतलब हो कि ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा ऑन लाईन दवा की बिक्री बंद करने, कारपोरेट कम्पनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट को बंद करने तथा नकली दवाओं के खिलाफ चलाये जा रहे आन्दोलन के तहत आज देशव्यापी मेडिकल स्टोर बंद का आव्हान किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के आयुष विभाग द्वारा प्रदेश के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस के माध्यम से चेतावनी दी गई थी कि आवश्यक सेवाओं के तहत जनहित में मेडिकल स्टोर खुले रखे जायें ऐसा न करने पर कार्रवाई की जा सकती है। जिसे देखते हुए देशव्यापी मेंडिकल स्टोर बंद का मिलाजुला असर दिखाई दिया। **हल्द्वानी**– अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मंगलवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी (रजि.) के आह्वान पर शहर में सांकेतिक बंद रखा गया। इस दौरान कई दवा व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर आंदोलन का समर्थन किया, जबकि कई रिटेलर्स ने बंद को समर्थन नहीं देते हुए अपनी दुकानों को खुला रखा। एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे गए ज्ञापन में ऑनलाइन माध्यम से बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श और बिना सत्यापित ई–प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री पर चिंता जताई गई। संगठन का कहना है कि इससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है और छोटे दवा व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, बिना वैध ई–प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की होम डिलीवरी बंद कराने तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की डीप डिस्काउंटिंग नीति पर नियंत्रण लगाने की मांग की गई है। वहीं शहर में बंद का असर मिला–जुला देखने को मिला। कई मेडिकल स्टोर सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। कुछ रिटेल दवा व्यापारियों का कहना था कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए उन्होंने दुकानें खुली रखीं, जबकि कुछ व्यापारियों ने इसे व्यक्तिगत निर्णय बताया। **किच्छा**– ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर किच्छा में मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक दिवसीय बंद रखा। बंद के समर्थन में नगर के अधिकांश मेडिकल स्टोर दोपहर तक बंद रहे। इस दौरान दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से इस पर सख्त नियम लागू करने की मांग की। ऑल इंडिया केमिस्ट संगठन किच्छा इकाई के अध्यक्ष प्रमोद ठुकराल ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय मेडिकल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिना उचित निगरानी के दवाओं की ऑनलाइन सप्लाई होने से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। दवा जैसी संवेदनशील वस्तु की बिक्री केवल अधिकृत मेडिकल स्टोरों के माध्यम से ही की जानी चाहिए। संगठन के महामंत्री मनमोहन सक्सेना ने कहा कि ऑनलाइन मिलने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता। कई मामलों में नकली एवं एक्सपायर दवाओं की सप्लाई की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह और बिना सही जांच के ऑनलाइन दवाओं की उपलब्धता लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इसके साथ ही ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट देकर छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। दवा व्यापारियों ने सरकार से मांग की कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लगाया जाए तथा मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। बंद के दौरान व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा एवं महामंत्री नितिन फुटेला सहित कई व्यापारी नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाना बेहद जरूरी है। हालांकि आम जनता को दवाओं की उपलब्धता में परेशानी न हो, इसके लिए नगर में चार मेडिकल स्टोर आपातकालीन सेवाओं हेतु खुले रखे गए थे ताकि जरूरत वाले मरीजों को दवाएं मिलती रहें। दोपहर बाद धीरे–धीरे मेडिकल स्टोर पुनः खुलने लगे। दवा व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। **शक्तिफार्म** – ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर शक्तिफार्म क्षेत्र के मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन शक्तिफार्म द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यह बंद आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर सहभागिता की और दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाई। हड़ताल के दौरान मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसी व्यवस्था के तहत क्षेत्र के चार मेडिकल स्टोरों को विशेष रूप से अधिकृत किया गया है, जहां जीवन रक्षक एवं अति आवश्यक दवाएं निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। बंद के दौरान शक्तिफार्म मेडिकल स्टोर, न्यू मंडल मेडिकल स्टोर, मंडल मेडिकल स्टोर तथा सिंह मेडिकल स्टोर पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में मरीजों को तत्काल राहत मिल सके। एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपासिंधु हीरा, महामंत्री पंकज मंडल, उपाध्यक्ष संजय सिंह एवं संरक्षक नरेश अरोरा ने बताया कि यह बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जा रहा है और इसमें आमजन की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है।

# जनपद में सीएम धामी की 399 घोषणाओं में से 155 पूर्ण

## घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत क्लस्टर आधारित मास्टर प्लान बनाने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री घोषणा, जिला योजना, आजीविका एवं रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा 25 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला सभागार में समीक्षा बैठक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुल 399 घोषणाएं की गयी हैं, जिसमें से 155 घोषणाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। मात्र 24 घोषणाएं जनपद स्तर पर लंबित हैं और शेष घोषणाएं विभिन्न स्तरों पर गतिमान हैं। जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर लंबित 24 घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत रुचि लेते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने रुद्रपुर में बंग भवन और खेड़ा में पर्यावरण मित्रों के लिए आवास निर्माण हेतु चिन्हित भूमि पर सात दिन में डीपीआर तैयार करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। साथ ही मानसखंड कॉरिडोर के अंतर्गत शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश भी नगर आयुक्त को दिए गए। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग को शीघ्र तीन ग्रामीण सड़कों के डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जसपुर एवं खटीमा में अधिवक्ताओं के लिए चौम्बर



निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सितारगंज स्थित शक्तिफार्म राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान बनाने व खटीमा के टीडीसी परिसर में खेल मैदान निर्माण के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिए। 25 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने लक्ष्यों की प्रगति में तेजी लाते हुए आवश्यक आंकड़े एवं प्रगति विवरण समयबद्ध रूप से जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से कार्य सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने देशभर में नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के अंतर्गत जनपद में शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी संगठित एवं वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था विकसित की जाएगी। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के मानकों के अनुरूप जनपद का विस्तृत मास्टर प्लान तैयार कराया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निकायों, जिला पंचायत तथा समस्त ग्राम पंचायतों को क्लस्टर आधारित मॉडल पर जोड़ते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। पीडी हिमांशु जोशी ने बताया कि जनपद में 373 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें 10 से 12 हजार की आबादी पर एक क्लस्टर बनाया जाएगा तथा जनपद में 78 से अधिक क्लस्टर विकसित किए जाने की योजना है। इन क्लस्टरों के माध्यम से कूड़ा संग्रहण, पृथकरण, परिवहन एवं निस्तारण की सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में नगर निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य संचालित है, अब इसी व्यवस्था का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक किया जाना है। ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर कूड़ा प्रबंधन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी, साथ ही शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यों की प्रभावी निगरानी हेतु जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया जायेगा तथा तहसील स्तर पर भी मॉनिटरिंग सेल गठित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जनपद में एक प्रभावी एवं दीर्घकालिक व्यवस्था के रूप में लागू करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश दत्त भट्ट, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्यासिंह सोमनाल आदि उपस्थित थे।

# ईमानदारी, सुशासन और अनुशासन की अनूठी मिसाल थे खंडूड़ी: महापौर

रूद्रपुर । उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर मंगलवार को नगर निगम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। महापौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शोक सभा में दो मिनट का



मौन रखकर दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। शोक सभा में महापौर विकास शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को देश और प्रदेश के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि खंडूड़ी जी ने सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक राजनैतिक जीवन तक हमेशा ईमानदारी, सुशासन, पारदर्शिता और अनुशासन की एक अनूठी मिसाल पेश की। उनके कार्यकाल में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों और विकास कार्यों ने उत्तराखंड को एक नई दिशा प्रदान की थी। उनका बेदाग और सादगीपूर्ण जीवन हमेशा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# मीडिया सेंटर में खंडूड़ी के निधन पर शोक सभा आयोजित

## खंडूड़ी जी की सादगी, स्पष्टवादिता और कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी: ध्रुव रौतेला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मीडिया सेंटर कार्यालय, हल्द्वानी में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला के नेतृत्व में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए ध्रुव रौतेला ने कहा कि खंडूड़ी जी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत



किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता एवं ईमानदारी की एक सशक्त पहचान स्थापित की। उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों ने प्रदेश को विकास की नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि खंडूड़ी जी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता सदैव समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। उनका निधन न केवल उत्तराखंड बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा में जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित समस्त पत्रकार बंधु एवं मीडिया सेंटर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यों के बेहतर समन्वय से ही विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति: धामी

## मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में मां नंदा राजजात यात्रा और कुंभ मेले के सफल आयोजन हेतु सहयोग पर हुई चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता की। छत्तीसगढ़ के बस्तर में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न राज्यों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आधारभूत संरचनाओं के विकास,जनकल्याण कारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न राज्यों के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि राज्यों के बीच बेहतर संवाद, सहयोग और समन्वय से ही देश के समग्र एवं संतुलित विकास को नई गति प्रदान की जा






सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सहकारी एवं समन्वित संघीय व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान उत्तराखंड में वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली विश्वप्रसिद्ध मां नंदा राजजात यात्रा एवं दिव्य और भव्य कुंभ मेले की तैयारियों से संबंधित विषयों को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि ये दोनों आयोजन केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन हैं। इन आयोजनों में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए केंद्र एवं राज्यों के समन्वित सहयोग की आवश्यकता होगी। राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक विरासत और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्यों के सहयोग से मां नंदा राजजात यात्रा और कुंभ मेले का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, सुरक्षित और ऐतिहासिक रूप से सफल होगा। बैठक में आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती राज्यों के मध्य समन्वय बढ़ाने, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया। आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान प्रदान एवं संयुक्त प्रयासों को और अधिक मजबूत किया जाना आवश्यक है। उत्तराखंड सरकार जनकल्याण, सुशासन, आधारभूत विकास, पर्यटन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# तहसील दिवस में आठ शिकायतों का निस्तारण

## डीएम ने जनसमस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में तहसील दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी समस्याओं को शान्त मन एवं संवेदनशील होकर सुनें व गम्भीरता से तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में भूमि, मार्ग, मनरेगा भुगतान, सिंचाई गूल, गैस से सम्बन्धित 09 शिकायतें पंजीकृत हुईं जिसमें से 08 शिकायतों व समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में महेन्द्र पोपली ने कलेक्ट्रेट आवासीय परिसर के भीतर अराजक तत्वों द्वारा नशा करने तथा मारपीट व छेड़-छाड़ करने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को रात्रि 09 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गेटों को बन्द करने के निर्देश देते हुए पुलिस को नियमित गश्त करने के निर्देश दिये। कैलाश चन्द्र ने बताया कि गन्ना विभाग द्वारा किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने हेतु चकमार्ग बनाया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक गन्ना आयुक्त को तुरन्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। अब्दुल गनी ने विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत मीटर का निरीक्षण करते हुए समस्या का तुरन्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। सुखदेव सिंह ने मनरेगा का भुगतान करने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिये। मुकेश कुमार ने घरेलू गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को तुरन्त नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ केके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, लोनिवि गजेन्द्र सिंह, विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, पेयजल निगम सुनील जोशी, आरडब्लूडी अमित भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नंदनी तोमर, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की आदि मौजूद थे।








# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। आवास विकास कालोनी क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से सुशीला तिवारी अस्पताल के पोस्टर्माटम हाउस में किया गया जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप कोतवाली की आवास विकास चौकी क्षेत्र निवासी व्यवसायी अनमोल कक्कड़ अपनी पत्नी साइन अरोरा, पांच वर्षीय पुत्र और छोटी पुत्री के साथ रहते हैं। परिजनों के अनुसार सोमवार रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। देर रात छोटी पुत्री ने मां साइन अरोरा को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठीं। इसके बाद अनमोल कक्कड़ ने भी उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। घबराए परिजन तुरंत साइन को निजी अस्पताल लेकर पहुंच। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनमोल ने घटना की सूचना साइन के माता पिता को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गए। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराने को हल्द्वानी भेजा गया। जहां आवश्यक कागजात न होने से फॉरेंसिक टीम ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया था। सायंकाल तक सभी कार्रवाई पूरी होने पर मृतका साइन का पोस्टमार्टम किया जा सका।

# उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल देने में प्राथमिकता से काम करें अधिकारी: एडीएम

## औद्योगिक विकास के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम होगा मजबूत, सिडकुल और पावर सब स्टेशन निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सभी अधिकारी उद्योग बन्धुओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए सिंगल विण्डो सिस्टम को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये। अपर जिलाधिकारी ने पूर्व में आयोजित बैठक के सभी बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण जो शासन स्तर पर लंबित हैं उनके लिए पुनः स्मारक पत्र भेजा जाए और अपने स्तर पर लंबित कार्यों की समय सीमा तय कर उन्हें समय से संपादित किया जाये। बैठक में उद्यमियों द्वारा एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज के फेज 2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नये सब स्टेशन निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सितारगंज ने बताया कि राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठक में रखने हेतु इसे ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करते हुए निदेशालय को प्रेषित कर दिया गया है। उद्यमियों ने सितारगंज से एल्डिको सिडकुल तक सड़क मरम्मत व चौड़ीकरण कराए जाने का अनुरोध किया था, जिस पर अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि उपलब्ध सड़क मार्ग की चौड़ाई 2 लेन के स्थान पर 3 लेन सड़क मार्ग निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आवश्यकतानुसार सड़क मार्ग का पैचवर्क किया गया है और मार्ग वर्तमान में गढ्ढामुक्त है। इसके अलावा मै. मॉ शीतला वेन्चर्स लि. से एनएच 74 तक दायी ओर पाहा नहर की कवरिगं का कार्य कराने का अनुरोध किया गया, जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि पाहा नगर कवरिंग कार्य हेतु अनुस्मारक पत्र शासन को भेजा गया है। काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर स्वीकृत 132 केवी पावर सब स्टेशन की स्थापना किये जाने के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता पिटकुल ने बताया कि 132 केवी उप संस्थान सरवरखेड़ा के निर्माण हेतु पिटकूल देहरादून के स्तर पर निविदा प्रक्रिया गतिमान है। उद्योग संगठनों द्वारा बिजली, फायर, भूमि लाइसेंस, लंबित प्रकरणों, बुनियादी सुविधाओं तथा अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। उद्योग प्रतिनिधियों ने अपने सुझावों के माध्यम से औद्योगिक वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने पर बल दिया। बैठक में उप जिलाधिकारी व आरएम सिडकुल रूद्रपुर मनीष बिष्ट, आरएम सिडकुल सितारगंज रविन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, विवेक काण्डपाल, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस दांगी, एएस नेगी, लोनिवि ओपी सिंह, एनएचएआई इन्जिनियर तुषार गुप्ता, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा सहित अनेक उद्यमी व अधिकारी उपस्थित थे।



# रुद्रपुर शहर की सुरक्षा अब पीएसी जवानों के हवाले

## महापौर विकास शर्मा की पहल पर बनी नई सुरक्षा रणनीति,रातभर बाजार क्षेत्र में गश्त करेंगे पीएसी जवान





रूद्रपुर। शहर में पिछले दिनों शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की वारदातों के व्यापारियों के असंतोष और सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात की। इस दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लंबी और अहम वार्ता हुई, जिसमें रात के समय बाजारों और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि अब शहर की रात की सुरक्षा व्यवस्था में पीएसी के जवानों की अलग से तैनाती की जाएगी। एसएसपी अजय गणपति ने तत्काल प्रभाव से एक प्लाटून पीएसी तैनात करने के निर्देश जारी किये। यह पीएसी बल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करेगा। पीएसी जवानों की निगरानी और संचालन के लिए एक सब इंस्पेक्टर को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरअसल बीते दिनों मटके वाली गली सहित शहर के चार प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद व्यापारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की थी। इसी क्रम में महापौर विकास शर्मा व्यापारियों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस की विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने एसएसपी से वार्ता के बाद बताया कि व्यापारियों के सुझावों के आधार पर शहर के कई संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित कर लिए गए हैं, जहां पीएसी जवानों की विशेष तैनाती रहेगी। इसके अलावा शहर की गलियों और बाईपास मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रात में लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन मिलकर ऐसा सुरक्षा तंत्र तैयार कर रहे हैं जिससे भविष्य में चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड पुलिस लगातार "ऑपरेशन प्रहार" के तहत अपराधियों और नशा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। रूद्रपुर में भी अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी व्यापारी को असुरक्षित महसूस नहीं होने दिया जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि जहां आवश्यकता महसूस होगी वहां नगर निगम की ओर से भी अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सुरक्षा रणनीति लागू होने के बाद शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत होगा।

# चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को किया जागरूक

## छात्राओं ने साइबर अपराध,नशे और महिला सुरक्षा पर बनाए पोस्टर



रूद्रपुर । जनपद पुलिस द्वारा युवाओं को सामाजिक बुराइयों एवं आधुनिक अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध व यातायात ऊधमसिंहनगर जितेंद्र चौधरी के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभाव एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 280 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपनी कला और रचनात्मकता के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों में साइबर फ्रॉड से बचाव, नशामुक्त समाज और महिला सुरक्षा जैसे विषयों को बेहद प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अपराध व यातायात जितेंद्र चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 10 सी की छात्रा तनु विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 सी की छात्रा निशा गुप्ता एवं कक्षा 11 ए की छात्रा माही शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10 सी की छात्रा भावना जोशी एवं भूमि सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध व यातायात जितेंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी रखने की अपील की। उन्होंने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की रचनात्मकता समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं साइबर सेल तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# संदिग्ध हालातों में फांसी पर झूलती मिली महिला

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र की आशीर्वाद कॉलोनी, गंगापुर में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलती पाई गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जांच के लिए फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब पौने दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि गंगापुर स्थित आशीर्वाद कॉलोनी में एक महिला ने फांसी लगा ली है। सूचना पर एसआई महेश कांडपाल, एसआई सौरभ भारती, महिला एसआई पूनम रावत और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान 37 वर्षीय प्रभा शर्मा पत्नी अंकित गर्ग के रूप में की गई। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि प्रभा की शादी वर्ष 2022 में हुई थी और पति अंकित गर्ग के साथ तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। प्रभा मकान में अकेली रह रही थी, जबकि नीचे निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार सुबह जब पिता घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। दूसरी चाबी से दरवाजा खोलकर ऊपर पहुंचे तो प्रभा सीढ़ियों के पास नायलॉन की रस्सी के फंदे से लटकी मिली। शादी को सात साल पूरे नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम श्डॉक्टरों के पैनल से कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# निरंतर प्रयास और अनुशासन ही कुंजी: साम्भवी

## आईएएस साम्भवी ने छात्राओं को दिये सफलता के टिप्स



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 46वीं रैंक हासिल कर आईएएस के लिए चयनित साम्भवी तिवारी का राजकीय बालिका इंटर कालेज फाजलपुर महरौला में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण और कठिन परिश्रम के महत्व के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभा रावत ने साम्भवी तिवारी को बुके भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन में साम्भवी तिवारी ने छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर प्रयास, अनुशासन और कठिन मेहनत से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को अपने कैरियर की दिशा तय कर पूरी लगन और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करें तो किसी भी बड़ी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्राओं ने भी उनसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और तैयारी से जुड़े सवाल पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ बसन्ती रानी, विनीता, जगदीश चौधरी, संगीता नेगी, पूनम रानी, भगवती पांडे, अलका मेहरा, निधि वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या शुभा रावत ने छात्राओंको प्रेरित एवं मार्गदर्शन देने के लिए साम्भवी तिवारी काआभार व्यक्त किया।

# खंडूरी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया शोक



गदरपुर। पूर्व पालिका अध्यक्ष गदरपुर एवं भाजपा महिला मोर्चा कुमाऊँ संयोजक अंजू भुड्डी के आवास पर मंगलवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान युवा नेता अतुल पांडे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूरी एक सरल, ईमानदार एवं जनहितैषी नेता थे, जिन्होंने उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने उनके निधन को भाजपा एवं प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रेल हादसों से सबक

रेल सेवा आम लोगों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, मगर यह सुविधा कई बार यात्रियों की जान पर भारी पड़ जाती है। सरकार की ओर से देश के रेल सेवा तंत्र को विश्वस्तरीय बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कब और कहां रेल हादसा हो जाए, इसकी आशंका हमेशा बनी रहती है। पिछले दो दिन में तीन रेल हादसों ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता को और गहरा कर दिया है। बिहार के सासाराम में सोमवार को प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक यात्री रेलगाड़ी में आग लग गई, जिससे एक डिब्बा पूरी तरह जल गया। दूसरा हादसा उत्तराखंड में ऋषिकेश के योगनगरी रेलवे स्टेशन पर रात को हुआ, जब ट्रैक बदलते समय उज्जैनी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। इससे पहले रविवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में राजधानी एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगने की घटना सामने आई थी। गनीमत रही कि इन तीनों हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई। मगर सवाल है कि इस तरह के हादसों से सबक लेकर हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाने को लेकर गंभीरता आखिर नदारद क्यों है? यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सुरक्षित सफर के लिए रेल सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ बुनियादी सुरक्षा उपाय विभागीय अनदेखी की वजह से कमजोर पड़ते जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक, सासाराम में रेलगाड़ी की एक बोगी में आग की घटना के समय स्टेशन पर अग्निशमन की माकूल व्यवस्था नहीं थी। न तो वहां रेलगाड़ी में पानी भरने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से तत्काल पानी उपलब्ध हो पाया और न ही स्टेशन पर रखे गए अग्निशमन सिलेंडरों में गैस थी। आग कैसे लगी, इसका भी कोई स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है।यह बात छिपी नहीं है कि इस तरह के रेल हादसों में नाममात्र की कार्रवाई होती है और बाद में जांच के नतीजे भी सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं। कहने को रेलवे बोर्ड के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन व्यवस्थागत खामियों को जब तक दुरुस्त नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक सुरक्षित सफर की उम्मीद धुंधली ही रहेगी। उत्तराखंड के ऋषिकेश में सोमवार रात उज्जैन एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास खांड गांव क्षेत्र में रात करीब 9:30 बजे ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय ट्रेन में कोई यात्री सवार नहीं था। शुरुआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन की नियमित मेंटेनेंस के दौरान यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद पूरे ट्रेन के मूवमेंट को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं।

# लडवाल फाउंडेशन ने चम्पावत के मेधावी छात्र-छात्राएं किए सम्मानित

चंपावत (उद संवाददाता)। लडवाल फाउंडेशन चम्पावत द्वारा स्वर्गीय दिवान सिंह लड़वाल की स्मृति में इंडस नेशनल स्कूल, लड़वाल एस्टेट में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष चम्पावत जनपद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल में प्रदेश स्तर पर 5वां और इंटरमीडिएट में 4था स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिला सभागार में मेधावियों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और बच्चों की सफलता में परिवार की भूमिका की सराहना की। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ हिमानी उप्रेती ने जनपद में प्रथम (प्रदेश में 7वां) स्थान प्राप्त किया, जबकि संगीता भट्ट एवं पवन रावत दूसरे और जलज आली तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा में 93.80 प्रतिशत अंक पाकर यश



अवस्थी ने जनपद में पहला (प्रदेश में 18वां) हासिल किया, वहीं रिया चौबे दूसरे, सांची जोशी व मयंक जोशी तीसरे, हंसा भट्ट चौथे और हेमा नायक पांचवें स्थान पर रहीं। इस वर्ष प्रदेश की टॉप 25 वरीयता सूची में चम्पावत के कुल 11 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों पर संवाद किया और उन्हें एनडीए व यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने बताया कि इस वर्ष जनपद में हाईस्कूल का परिणाम 94.80 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का परिणाम 93.10 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में हाईस्कूल की मेरिट में स्थान पाने वाली हिमानी उप्रेती को 31 हजार, संगीता भट्ट व पवन सिंह को 21-21 हजार, जलज ओली को 11 हजार, नरेंद्र कुमार को 2500, जबकि इंटर की मेरिट सूची में यश अवस्थी को 51 हजार, रिया चौबे को 31 हजार रुपए, सांची जोशी व मयंक जोशी को 21-21 हजार रुपए जबकि हंसा भट्ट और हेमा नायक को 25-25 सौ रुपये और प्रशस्तिपत्र देकर कुल 11 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। लड़वाल फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह लडवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष 2015-16 से उनकी ओर से लगातार किया जा रहा है जिससे कि कमजोर वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। साथ ही उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, मुकेश महराना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडेय, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी भरत जोशी सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, गणमान्य नागरिक, छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ की उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा

नैनीताल (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहानी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के साथ अलग-अलग बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शोध, नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध कार्यों, कौशल विकास आधारित गतिविधियों, नवाचार तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। राज्यपाल ने उच्च शिक्षण



संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप, उद्यमिता, नवाचार और कौशल विकास से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि वे रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजक भी बन सकें। राज्यपाल ने युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने तथा विश्वविद्यालयों को समाज से जोड़ने के लिए सामुदायिक सहभागिता आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व और कौशल विकास सुनिश्चित करना होना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक रिक्त पदों की स्थिति की जानकारी लेते हुए भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अलावा राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में उपलब्ध अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उनके सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा राज्य में 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 मई से 07 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण का कार्य किया जायेगा। इसी तरह 08 जून से 07 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे व सत्यापन कार्य, 07 जुलाई को मतदान स्थितियों का युक्तिकरण तथा 14 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि होगी। 14 जुलाई से 11 सितम्बर तक नोटिस चरण व दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 15 सितम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण के दौरान जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र वापस नहीं आये हैं, उनके लिए बीएलओ आस पास के मतदाताओं से पूछताछ के आधार पर कोई सम्भावित कारण जैसे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु या डुप्लिकेट की पहचान कर सकता है। ऐसे मतदाताओं की सूची पंचायत भवन, नगर निकाय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत अधिकारी तथा नगर निकाय अधिकारियों के कार्यालय में भी प्रदर्शित की जायेगी तथा निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड की जायेंगी। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि घर घर जाकर भ्रमण करने के दौरान बीएलओ अपने साथ खाली फार्म 6 और घोषणा पत्र साथ रखेंगे ताकि कोई भी नए वोटर के तौर पर अपना नाम दर्ज करवाना चाहे तो उसे ये फार्म दिए जा सकें।

# भीमताल में नाबार्ड के सहयोग से "बाखली" ग्राम दुकान का शुभारंभ

भीमताल (उद संवाददाता)। विकासखंड भीमताल में "बाखली" नामक ग्राम दुकान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह ग्राम दुकान नाबार्ड के सहयोग से दक्ष स्वयं सहायता समूह, भीमताल को प्रदान की गई है, जिसका क्रियान्वयन मेनवस संस्था द्वारा किया जा रहा है। उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 50 स्वयं सहायता समूहोंकी महिलाओंने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियोंएवं अन्य गणमान्य अतिथियोंद्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड नैनीताल के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित बाजपेयी, आरसेटी के निदेशक अतुल पांडेय, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक गोपाल जी, नैनीताल जिला सहकारी बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार बिष्ट जी, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधिगण तथा दूरदर्शन नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार गिरेश त्रिपाठी



सहित विभिन्न प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा ग्राम दुकान का अवलोकन किया गया, जहां स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इन उत्पादों में ऐपण कला आधारित उत्पाद, रिंगाल शिल्प सामग्री, जूट उत्पाद, अचार, शहद, मोटे अनाज (मिलेट्स), दालें एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी उत्पाद भीमताल विकासखंड के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से क्रय किए गए हैं, जिनका विपणन अब इस ग्राम दुकान के माध्यम से किया जाएगा। नाबार्ड द्वारा इस परियोजना को दो वर्षों तक अनुदान सहायता प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत दुकान का किराया, विक्रय महिला का मानदेय, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण गतिविधियाँ तथा आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने में सहयोग दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकेश बेलवाल ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत है। ग्राम दुकान जैसी पहलें ग्रामीण उत्पादों को बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेंगी। अमित बाजपेयी ने महिलाओं को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं से अधिक से अधिक जुड़ने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए नाबार्ड एवं मेनवस संस्था का आभार व्यक्त किया।

# नंदपुर के मैदान में कबड्डी खेलते नजर आए विधायक अरविंद पांडे

गदरपुर। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे एक बार फिर अपने सहज और खेल प्रेमी अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। ग्राम नंदपुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान विधायक अरविंद पांडे अचानक मैदान में खिलाड़ियों के बीच पहुंच गए और स्वयं कबड्डी खेलते नजर आए। मैदान में उतरते ही विधायक ने



खिलाड़ियों से मजाकिया अंदाज में कहा, "मुझे नेता मत समझना, खिलाड़ी समझना पकड़ सकते हो तो पकड़ कर दिखाओ।" विधायक की यह बात सुनकर मैदान में मौजूद खिलाड़ी और दर्शक उत्साह से झूम उठे। विधायक को अपने बीच खेलते देख युवाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, ऊर्जा और टीम भावना सिखाते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का संदेश भी दिया। विधायक का यह अलग अंदाज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जहां लोग उनकी सादगी और खेल भावना की सराहना कर रहे हैं।

# दिनेशपुर में भाषा आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

दिनेशपुर। असम के सिलचर (बराक घाटी) में 19 मई 1961 को बांग्ला भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए हुए ऐतिहासिक भाषा आंदोलन के शहीदों को सोमवार को दिनेशपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बंगाली कर्मचारियों उन्नयन समिति और बंगभाषी समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिंग बाबू चौक पर एकत्र होकर भाषा शहीद दिवस मनाया और मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वर्ष 1961 के उस आंदोलन को याद किया, जब सिलचर में बांग्ला भाषा को मान्यता दिलाने और उसके अस्तित्व की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था। आंदोलन के



दौरान पुलिस फायरिंग में 11 आंदोलनकारियों की जान चली गई थी। इनमें कमला भट्टाचार्य, कन्हैयालाल नियोगी, चंडी चरण सूत्रधर, वीरेंद्र सूत्रधर, सुनील सरकार, सत्येंद्र देव, सचिंद्र नाथ पाल, कुमुद रंजन दास, हितेश विश्वास, सुकमल पुरकायस्थ और तरुणी देवनाथ शामिल थे। इन्हीं शहीदों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 19 मई को भाषा शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि समाज की पहचान, संस्कृति और विरासत की वाहक होती है। नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा से जोड़ना और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखना समय की आवश्यकता है।इस अवसर पर भाषा प्रेमियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने युवाओं से अपील की कि वे शहीदों के बलिदान को याद रखें और अपनी मातृभाषा तथा संस्कृति के सम्मान, उन्नयन और संरक्षण के लिए सदैव सजग रहेंकार्यक्रम में मानिक शुक्ला, नित्यानंद मंडल, प्रदेश अध्यक्ष रवि सरकार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुखदेव हालदार, समीर राय, अरदेन्दु सरकार, बुधर सरकार, भूपेश सरकार, डा शुभ्रो चक्रवर्ती, विक्की राय, सुब्रत कुमार, विद्युत सिकदर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों के हाथों में भारी कड़े बन रहे खतरा

## अभिभावकों और प्रशासन की बढ़ी चिंता, स्कूलों में प्रतिबंध की उठी मांग

–विक्की मण्डल–

शक्तिफार्म। क्षेत्र में इन दिनों स्कूली बच्चों और युवाओं के बीच भारी वजनी एवं मोटे लोहे के कड़े पहनने का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। पहले जहां कड़े केवल धार्मिक आस्था, फैशन या पारंपरिक पहचान तक सीमित माने जाते थे, वहीं अब इनका उपयोग लड़ाई-झगड़ों और आपसी विवादों में हथियार के रूप में होने लगा है। यह स्थिति अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्कूलों और बाजार क्षेत्रों में किशोर उम्र के बच्चे हाथों में मोटे स्टील और लोहे के भारी कड़े पहनकर घूमते दिखाई देते हैं। मामूली विवाद या झगड़े के दौरान इन्हीं कड़ों का उपयोग मारपीट में किया जाता है, जिससे सामने वाले व्यक्ति को गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कई बार सिर, चेहरे और आंखों तक पर गंभीर वार होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। शिक्षकों और



सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह केवल फैशन नहीं बल्कि धीरे-धीरे एक खतरनाक ट्रेंड बनता जा रहा है। फिल्मों, सोशल मीडिया और कुछ गैंग संस्कृति से प्रभावित होकर किशोर ऐसे भारी कड़े पहनना "रौब" और "स्टाइल" की पहचान समझने लगे हैं। लेकिन यह फैशन अब स्कूलों के अनुशासन और बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के हाथों में भारी धातु के कड़े दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। खेलकूद, साइकिल चलाने या स्कूल में धक्का-मुक्की के दौरान इससे गंभीर चोट लगने की संभावना रहती है। कई अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से ऐसे कड़ों पर सख्त रोक लगाने की मांग की है। सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से इस विषय को गंभीरता से लेने की अपील की है। उनका कहना है कि स्कूलों में यूनिफॉर्म नियमों के तहत भारी वजनी कड़ों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए तथा समय-समय पर बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया जाना चाहिए। यदि समय रहते इस बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक नहीं लगी तो आने वाले समय में यह कानून-व्यवस्था और स्कूलों के माहौल के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि बच्चों में अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि वे फैशन और आक्रामक दिखावे की बजाय शिक्षा और अच्छे व्यवहार की ओर ध्यान दें। प्रशासन, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों को मिलकर इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# रनसाली के जंगलों में तेंदुओं का कुनबा बढ़ने के मिले संकेत

–हनीफ बाबा–

सितारगंज। रनसाली के जंगलों में तेंदुओं की बढ़ती मौजूदगी वन्यजीव प्रेमियों के लिए जहां उत्साह की खबर है, जंगल में संकेत मिले हैं कि इस रेंज में सबसे अधिक तेंदुए विचरण कर रहे हैं। जिससे तेंदुओं की मौजूदगी की संभावना अधिक जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक संख्या का खुलासा ट्रैप कैमरों की अंतिम रिपोर्ट से होगा। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो रनसाली में टाइगर की मूवमेंट अधिक रहती थीं। जिस कारण तेंदुओं की आवाजाही इस रेंज में काफी कम हो गई थीं। बताया जाता है कि बाघ की मूवमेंट जिन वन क्षेत्रों में अधिक रहती है, वहां से तेंदुओं प्रवास कर जाता हैं। लेकिन इस बार रेंज में तेंदुओं की संख्या में बढ़ने से टाइगर के विचरण की कमी को अनदेखा नहीं किया जा सकता हैं। जिम्मेदार विभागों ने रनसाली रेंज में कैमरा ट्रैप, पग मार्क्स और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तेंदुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना जताई हैं। अन्य रेंजों में भी लेपर्ड की ट्रैकिंग जारी है। तेंदुआ छोटे जानवर का अधिकांश शिकार करता है। जिनमें बिल्ली, कुत्ता अन्य छोटे जानवर उसके पसंदीदा शिकार माने जाते हैं। इन शिकारी जानवरों की तलाश में तेंदुआ आबादी के नजदीक अधिक विचरण करते देखे जाते हैं। जिस वन क्षेत्रों में टाइगर की अधिक मूवमेंट रहती है, तेंदुआ उसे इलाके को टाइगर के खौफ के कारण छोड़कर प्रवास कर जाता हैं। हालांकि पूर्व में रनसाली रेंज के जंगलों में टाइगर की अधिक सक्रियता देखी जाती रही है। ऐसा इसलिए कि नजदीक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व पार्क स्थापित हैं। यहां से जुड़ी नदियां दोनों राज्यों के जंगलों को जोड़ती हैं।

"रनसाली रेंज के वन क्षेत्रों में लेपर्ड की संख्या बढ़ने के संकेत मिले हैं। पग चिन्ह, ट्रैप कैमरों की मदद से चिन्हीकरण किया जा रहा हैं। लेपर्ड कुत्ते, बिल्ली आदि के शिकार की तलाश में आबादी की तरफ भी मूवमेंट अधिक रखते हैं। विभाग लगातार निगरानी कर रहा हैं। –महेंद्र सिंह रेकुनी, रेंजर रनसाली रेंज।

# हर बूथ पर पैनी नजर रखे कांग्रेस कार्यकर्ताः हिमांशु

नानकमत्ता। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने खटीमा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की नीतियों में विश्वास जताया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि वेंटिलेटर पर है, हर बूथ की मॉनिटरिंग कर संगठन को मजबूत बनाएं , और बूथ पर पैनी नजर रखें।कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर कांग्रेस के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़कर



संगठन को मजबूत बनाया जाए।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने की जरूरत है। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक राणा, गणेश उपाध्याय, जेल सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, सुरेंद्र सिंह करनावल, प्रकाश सिंह, सतनाम सिंह करनावल, हरनाम सिंह, विष्णु राणा, चंचल सिंह मौजूद रहे।

# देघाट में 54 किलो गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा। देघाट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गांजे के साथ दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 54.450 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान केदार उदयपुर रोड में ग्राम उदयपुर डोभरी गधेरा के पास कार संख्या सीएच 01 एआर 9289 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में तीन कट्टों में रखा 54.450 किलो गांजा बरामद



हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी हिम्मत सिंह बोरा पुत्र हरि सिंह, निवासी वार्ड नंबर-9 प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी, रामनगर और भरत रावत पुत्र आनन्द सिंह रावत, निवासी नई बस्ती पुछड़ी, रामनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत 13 लाख 61 हजार से अधिक आंकी गई। टीम में थानाध्यक्ष देघाट अजेन्द्र प्रसाद, एएसआई गंगा प्रसाद, हेड कांस्टेबल करुण मिश्रा, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, नीरज बिष्ट शामिल रहे।

# सपा नेत्री को जेठ व उसके पुत्र से जान का खतरा

जसपुर। समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की जसपुर नगर अध्यक्ष परवीन जहां की गैर मौजूदगी में उनके जेठ शमशेर हुसैन ने पुत्र कैफ के साथ हमसाज होकर महिला नेत्री के घर धावा बोलते हुए उनके पति व पुत्री के साथ गाली गलौज कर प्राण घातक हमला किया। मारपीट की घटना में पिता पुत्री को गंभीर चोटे आई। हमलावरों ने जाते-जाते मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दी है। समाजवादी पार्टी ने इस घटना पर सख्त ऐतराज जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बाजार चौकी पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में सपा नेत्री ने बताया कि बीते 16 मई की रात्रि लगभग 9:00 बजे जब वह किसी कार्यवश बाहर गई थी इसी दौरान पहले से घात लगाए उसके जेठ शमशेर अपने पुत्र कैफ के साथ हथियारों से लैस होकर बलपूर्वक उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए घर में मौजूद उसके पति तथा पुत्री के साथ मारपीट करते हुए दोनों पर प्राण घातक हमला किया। इस घटना के बाद से सपा नेत्री की पुत्री लगातार सदमे में है। हमलावरों ने जाते-जाते मुंह खोलने के एवज में पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सपा जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार में बहन बेटियों की सुरक्षा राम भरोसे है। वही जसपुर पुलिस इस तरह की गंभीर मामलों में कार्यवाही करने की बजाय हांथ पर हाथ धरे बैठी है।

# सरदार सिंह के नेत्रों से दो जिंदगी में फैलेगा उजाला

बाजपुर। ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल बाजपुर के चेयरमैन सरदार सिंह काल्हों के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। परिजनों प्रभजोत कौर और गुरसेवक सिंह की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया



पूरी कराई गई, जिससे अब दो जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी मिल सकेगी। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एसके मित्तल की मौजूदगी में सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ एलएम उप्रेती के निर्देशन में आई टेक्नीशियन मनीष रावत ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए नेत्रदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। इस अवसर पर संदीप चावला, सौरभ परमार, मेजर केशव सिंगला, अमित सिंगला एवं सत्पभान गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि नेत्रदान वास्तव में महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी ला सकता है। उन्होंने "सोचो डिफरेंट" संस्था, भारत विकास परिषद एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग की भी प्रशंसा की। यह नेत्रदान "सोचो डिफरेंट" संस्था के संदीप चावला और विकास भुसरी के सौजन्य से सम्पन्न कराया गया।

# खंडूरी का निधन अपूरणीय क्षति : भट्ट

हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अजय भट्ट ने अपने शोक संदेश में कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी का निधन उत्तराखंड और देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि खंडूरी जी ने अपने राजनीतिक जीवन में ईमानदारी, सादगी और अनुशासन की मिसाल पेश की। उनके नेतृत्व और कार्यशैली से लाखों लोग प्रेरित हुए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकास और जनसेवा में खंडूरी जी का योगदान सदैव याद किया जाएगा। अजय भट्ट ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# मां पूर्णागिरि धाम हेली सेवा से जुड़ेगा चुका क्षेत्र में बन रहा आधुनिक हेलीपैड

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मां पूर्णागिरि धाम को हेली सेवा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जनपद के चुका क्षेत्र में लधिया नदी के किनारे आधुनिक हेलीपैड का निर्माण कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग, चम्पावत के अधिशासी अभियंता एम सी पलाड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 1.88 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किए जा रहे इस हेलीपैड में एक साथ तीन हेलीकॉप्टर उतरने की क्षमता होगी। यह परियोजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय संपर्क और आपातकालीन सेवाओं की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हेलीपैड निर्माण से मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम एवं त्वरित यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही, नेपाल सीमा एवं एनएचपीसी क्षेत्र के निकट स्थित इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री धामी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप चुका क्षेत्र को वेडिंग डेस्टिनेशन एवं पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में चल रहे प्रयासों को भी इस परियोजना से नई गति मिलेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि निर्माण कार्य अप्रैल माह से प्रारंभ हो चुका है साथ ही कार्य का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा विभाग द्वारा इसे सितंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# 7 कुख्यात अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल की अदालत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात कुख्यात आरोपियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छह माह की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया है। इन सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है और इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में आबकारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी एवं जुआ अधिनियम जैसे गंभीर मुकदमे पंजीकृत हैं। जिला मजिस्ट्रेट व जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इस संबंध में अवगत कराया कि जिला बदर किए गए आरोपियों में शास्त्री नगर थाना लालकुआं निवासी सुंदर बिष्ट उर्फ देवा पर आबकारी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस के छह मुकदमे, टेढ़ा रोड रामनगर निवासी सूरज आर्य पर चोरी व बीएनएस की धाराओं में चार मुकदमे, कौशल कॉलोनी मल्ली बमौरी थाना मुखानी निवासी आनंद डसीला पर हत्या के प्रयास, धमकी, मारपीट व धोखाधड़ी के पांच मुकदमे तथा वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर बनभूलपुरा निवासी बाबूराम पर एक्साइज एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हैं। इसी क्रम में नई बस्ती गूलर घाटी रामनगर निवासी जुबैर पुत्र कलुआ पर चोरी व एनडीपीएस के मामलों में, गांधीनगर बनभूलपुरा निवासी कुणाल सोनकर मारपीट, बलवा व जुआ अधिनियम के मुकदमों में तथा पप्पू का बगीचा थाना बनभूलपुरा निवासी रिजवान उर्फ मंत्री एनडीपीएस एक्ट के कई मामलों में लिप्त पाए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने सभी आरोपियों की गतिविधियों को जनहित, शांति व्यवस्था और कानून व शासन के लिए घातक मानते हुए तत्काल प्रभाव से छह माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित करने के आदेश पारित किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला बदर की अवधि में यदि कोई भी आरोपी जनपद की सीमा में प्रवेश करता है या आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी पंचतत्व में विलीन

## राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि, उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री सहित तमाम राजनेताओं ने हरिद्वार पहुंचकर दी अंतिम विदाई

हरिद्वार/देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का खड़खड़ी श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह पिछले 49 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे, जहां मंगलवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। आज उनकी अंतिम यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ा। सेना एवं पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। उपराष्ट्रपति सीपी राध ाकृष्णन ने पूर्व सीएम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। वह सुबह विशेष रूप से देहरादून के बसंत विहार स्थित खंडूड़ी के आवास पर पहुंचे और उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने लोकसभा में पूर्व सहकर्मी के रूप में अपने संबंधों को याद करते हुए



कहा कि देश के विकास में खंडूड़ी जी का योगदान मील का पत्थर रहेगा। उनके निधन से देश ने एक विशिष्ट सैनिक, सक्षम प्रशासक और असाधारण सत्यनिष्ठा वाला राजनेता खो दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वसंत विहार आवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री की अंतिम यात्रा में भागीदारी की और इसके बाद हरिद्वार में अंत्येष्टि में भी शामिल हुए। सीएम धामी ने भावुक होते हुए कहा कि श्रद्धेय खंडूरी जी उनके लिए केवल एक वरिष्ठ नेता ही नहीं, बल्कि अभिभावक, प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक थे। उनका स्नेह, अनुशासन, सरलता, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और कार्यशैली सदैव प्रेरणा देती रहेगी। सार्वजनिक जीवन में उनके द्वारा दिए गए संस्कार, मार्गदर्शन एवं आदर्श एक अमूल्य धरोहर हैं। अंतिम संस्कार के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित तमाम बड़े राजनेता और सैन्य अधिकारी दिवंगत नेता को विदाई देने हरिद्वार पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इसके दृष्टिगत बुधवार को पूरे राज्य में राजकीय अवकाश रहा, जिसके चलते सभी शासकीय, अशासकीय, निजी कार्यालयों के साथ- साथ स्कूल और कॉलेज पूरी तरह बंद रहे।



# पुलिसकर्मी पर हमला करने वाला बुलेट सवार गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए भागने का प्रयास करने और पुलिस टीम पर हमला कर कांस्टेबल को गंभीर रूप से घायल करने वाले बुलेट सवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। मामले के अनुसार विगत 18 मई 2026 को वाहन चेकिंग के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूके 04जेड4055 के चालक ने भागने की कोशिश की थी। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर हमला करते हुए ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल ललित नाथ को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नैनीताल ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चालक को मौके से ही दबोच लिया। घायल कांस्टेबल ललित नाथ की तहरीर के आधार पर थाना हल्द्वानी में आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 167/2026, धारा 121(2) एवं 132 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुलेमान पुत्र अब्दुल रऊफ, निवासी वार्ड नंबर 14, सफदर का बगीचा, थाना बनभूलपुरा, जिला नैनीताल के रूप में हुई है, जो एसी रिपेयरिंग का कार्य करता है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे उप कारागार हल्द्वानी भेजने के आदेश पारित किए गए। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल को दर्ज मुकदमे के साथ-साथ एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हीरानगर चौकी के एसआई कृपाल सिंह और हेड कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

# एसी ब्लास्ट से हॉस्पिटल में भीषण आग, बुजुर्ग महिला की मौत

## तीन पुलिसकर्मी सहित कई कर्मचारी झुलसे,गंभीर मरीज दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। देहरादून-हरिद्वार रोड स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल में बुधवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद हुए ब्लास्ट को आग का कारण माना जा रहा है। इस दर्दनाक हादसे में आईसीयू में भर्ती एक 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज बीरावती की मौत हो गई। वहीं धुएं और आग की चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मियों सहित अस्पताल के कुछ कर्मचारी भी झुलस गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के अनुसार बुधवार को अस्पताल परिसर में अचानक धुआं उठने लगा, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से मरीजों और तीमारदारों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग के बाद कुछ ही देर में पूरे परिसर में जहरीला ध



ुआं भर गया था, जिससे भर्ती मरीजों को सांस लेने में भारी दिक्कत होने लगी। घटना के समय अस्पताल के आईसीयू में छह मरीज भर्ती थे। मौके पर मौजूद अस्पताल स्टाफ, स्थानीय लोगों और बाद में पहुंची राहत टीमों ने तत्परता दिखाते हुए आनन-फानन में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और मरीजों को वार्डों से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हादसे के बाद पैनेसिया अस्पताल परिसर को खाली करा लिया गया है और एंबुलेंस के जरिए मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। कैलाश अस्पताल में लाए गए छह मरीजों में से दो की हालत अभी नाजुक बनी हुई है, जिनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और एस एसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। सभी मरीजों और घायल कर्मचारियों को अन्य अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया है। फायर विभाग द्वारा आग लगने के वास्तविक और सटीक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# सेंचुरी मिल में ड्यूटी के दौरान श्रमिक की मौत

लालकुआं। सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में ड्यूटी के दौरान बिंदुखत्ता निवासी 34 वर्षीय श्रमिक मोहन राम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मिल प्रबंध न और श्रमिक संगठनों के बीच हुई वार्ता में मृतक परिवार को नौ लाख रुपये आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार देने पर सहमति बनी। जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता के तिवारी नगर प्रथम निवासी मोहन राम मंगलवार को जनरल शिफ्ट में सेंचुरी पेपर मिल में ड्यूटी पर गया था। बताया जा रहा है कि शाम करीब सवा चार बजे वह मिल परिसर के भीतर पैदल जा रहा था। इसी दौरान भीषण गर्मी के बीच अचानक अचेत होकर पास स्थित नाले में जा गिरा।



आसपास मौजूद मजदूरों ने उन्हें तुरंत बाहर निकालकर मिल की डिस्पेंसरी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। हल्द्वानी एसटीएच पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहन राम मेहनती और मिलनसार स्वभाव क था। मिल के उपाध्यक्ष नरेश चन्द्रा ने बताया कि मोहन राम मेसर्स एसएम इंटरप्राइजेज के संविदा श्रमिक के रूप में सेंचुरी पल्प एंड पेपर कारखाने में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रबंधन, मृतक के परिजनों और श्रम संगठनों के बीच वार्ता हुई। वर्ष 2021 और 2024 में हुए पंजीकृत समझौते के आधार पर मृतक की पत्नी भावना देवी को नौ लाख आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय हुआ कि भावना देवी या उनकी इच्छा के अनुसार परिवार के किसी एक पात्र सदस्य को कारखाने में स्थायी रोजगार दिया जायेगा।

# फांसी पर लटका मिला घर का इकलौता चिराग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर नगर में मंगलवार की रात्रि घर का इकलौता पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अन्दर फांसी पर लटका पाया गया। परिजनों ने उसे फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ठाकुरनगर निवासी रमेश अधि कारी ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते है। उसकी पुत्री का विवाह हो चुका है जबकि 22 वर्षीय पुत्र राकेश अधिकारी सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। रमेश ने बताया कि राकेश मंगलवार को ड्यूटी कर शाम को घर वापस आया था और रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसने खाना खाया। उन्होंने बताया इसके बाद राकेश एक कुर्सी लेकर अपने कमरे में चला गया और उसके मोबाईल पर गाने की आवाज आने लगी। रमेश ने बताया कि जब राकेश कमरे से गाने की आवाज बंद नहीं हुई तो उन्होंने उसका दरवाजा खटखटाया परंतु अन्दर से कोई आवाज नहीं आई। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर भीतर गये। जहां उन्होंने राकेश को फांसी पर झूलता हुआ देखा। शोर मचाने पर अन्य लोग भी आ गये। राकेश को तुरंत फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि राकेश ने कभी भी अपनी कोई समस्या नहीं बताई थी और हमेशा सामान्य रूप से रहता था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## बेहोश मिली युवती ने दम तोड़ा

रूद्रपुर। डीडी चौक के पास संदिग्ध रूप से एक युवती को बेहोशी की अवस्था में पाया गया। जानकारी मिलने पर महिला पुलिस ने उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। युवती के पास से पाये गये दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। जिनके यहां आने का इंतजार किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार आज प्रात: डीडी चौक के पास रोड़वेज की ओर लगभग 19 वर्षीय युवती को संदिग्ध अवस्था में बेहोशी की हालत में लेटा पाया गया। युवती को इस हालत में देख वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची महिला पुलिस ने युवती को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती के पास से बरामद दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त 19 वर्षीय बीनू पाल पुत्री महीपाल निवासी शाहजहांपुर के रूप में की गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# आईपीएल सट्टा लगा रहा दिल्ली का सटोरिया गिरफ्तार

## लैपटॉप, पांच मोबाइल, 92 हजार और होंडा सिटी कार बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस और एसओजी टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, 92 हजार रुपये की नकदी और सट्टे में प्रयुक्त होंडा सिटी कार बरामद की है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधि नियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र अपनी टीम के साथ रात ऑपरेशन प्रहार के तहत क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान परशुराम चौक के पास एसओजी कर्मियों ने सूचना दी कि सिडकुल आनंदपुर रोड स्थित धर्मकांटे के आगे एक व्यक्ति होंडा सिटी कार में बैठकर आईपीएल क्रिकेट मैच में अवैध सट्टा चला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो धर्मकांटे से आगे सड़क किनारे सफेद रंग की होंडा सिटी कार नंबर डीएल10 सीएल7743 खड़ी मिली। कार के अंदर लाइट जल रही थी और एक व्यक्ति लैपटॉप पर काम करता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रंजीत सिंह सैनी पुत्र वीर सिंह सैनी निवासी साद नगर पालम कॉलोनी नई दिल्ली बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने का काम करता है और सुनसान जगह पर बैठकर सट्टे का संचालन कर रहा था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो चालक सीट के पास एचपी कंपनी का लैपटॉप ऑन हालत में मिला। लैपटॉप में आईअसिस्टेंट नाम का सॉफ्टवेयर खुला हुआ था, जिसमें आईपीएल मैच से जुड़ा सट्टे का पूरा हिसाब किताब दर्ज था। स्क्रीन पर विभिन्न ग्राहकों के नाम, टीमों के नाम, रेट और हार जीत के अनुसार रकम का ब्योरा अंकित मिला। पुलिस के अनुसार चार्ट में राजस्थान और लखनऊ टीम के नाम दर्ज थे। कार से पांच मोबाइल फोन भी बरामद किये गये। पुलिस जांच में एक मोबाइल में सट्टा लगाने से संबंधि त वॉयस रिकॉर्डिंग मिली, जबकि दूसरे फोन में पेटीएम के जरिए पैसों के लेनदेन के स्क्रीनशॉट मिले। इसके अलावा कार में रखे एक बैग से कैसियो कंपनी का कैलकुलेटर, लैपटॉप चार्जर और 92 हजार रुपये नकद बरामद हुए। नकदी में पांच सौ रुपये के 181 नोट और सौ रुपये के 15 नोट शामिल थे। पूछताछ में आरोपी ने बरामद नकदी को सट्टे की कमाई बताया। पुलिस ने सभी बरामद सामान को सील कर कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से मिली होंडा सिटी कार उसके भाई रितु सिंह सैनी के नाम पंजीकृत है। वाहन के काग जातमौके पर नहीं मिल सके। पुलिस ने कार को भी कब्जे में लेकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ट्रांजिट कैम्प थाने में जुआ अधिनियम की धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला टैक्स बार एसो. 'का चुनाव 1 जून को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला टैक्स बार एसोसिएशन का वर्ष 2026-27 का चुनाव आगामी 1 जून दिन सोमवार को कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी अवतार सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी समीर सेन ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न की जायेगी। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने एसोसिएशन कि सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।